एक नजर में

## दिल के झरोखे में संगीत संध्या 9 को



इंदौर. अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद के तत्वावधान में अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में 9 सितम्बर को गीतो भरी शाम 'दिल के झरोखे में' का रंगारंग आयोजन रवीन्द्र नाट्य गृह में शाम 7.30 बजे से होगा, जिसमें मुंबई की प्रख्यात कलाकार गुल सक्सेना एवं रसिका गानू अपनी सदाबहार सुरीली प्रस्तुतियां देंगे. दोनों कलाकार लता मंगेशकर एवं आशा भोंसले द्वारा गाए गीत सुनाएंगे. परिषद द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव की श्रृंखला में 7 सितम्बर को मीरा गार्डन पर भव्य कार्निवाल का मनोरंजक कार्यक्रम भी रखा गया है. मुंबई के ही राणा चटर्जी और सर्वेश मिश्रा मन्नाडे और मोहम्मद रफी के गीत प्रस्तुत करेंगे. इन्हें संगीतबद्ध करने के लिए मुंबई से 10 वायलिन संगीतकार आएंगे. परिषद के अध्यक्ष मनीष खजांची, सचिव राजेश नागोरी तथा कार्यक्रम संयोजक अनिल गोयल एवं दिलीप अग्रवाल ने बताया कि इन सभी गायक कलाकारों के साथ इंदौर के 2 प्रमुख गायक स्वरांश पाठक और शिक्षा शर्मा भी कोरस में अनेक गीत प्रस्तुत करेंगे. कार्यक्रम संयोजक राजेश भगत एवं मनीष अग्रवाल भाया मनोनीत किए गए हैं। कार्यक्रम में प्रवेश की व्यवस्था आमंत्रितों के लिए पहले आएं, पहले पाए आधार पर ही संभव होगी. परिषद द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार, 7 सितम्बर को राजीव गांधी चौराहा स्थित मीरा गार्डन पर भव्य कार्निवाल का आयोजन भी दोपहर 2 बजे से रखा गया है,

## नागेश्वर मंदिर में गणेश उत्सव की धूम



इंदौर. सिंगापुर ब्रिटिश पार्क के नागेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में विराजमान गणेशजी के पंडाल में इस वर्ष भी भक्तिभाव और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है. हर दिन सुबह-शाम आरती के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी और भक्तजन शामिल हो रहे हैं. कार्यक्रमों में चेयर रेस, गरबा, मटकी फोड़, अंताक्षरी सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं. विजेताओं को मंदिर समिति की ओर से उपहार देकर सम्मानित भी किया जा रहा है. नागेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है. समिति का कहना है कि ऐसे आयोजनों से न केवल बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, बल्कि आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव का संदेश भी समाज तक पहुँचता है.

## लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान



इंदौर. लायंस क्लब इंदौर सिटी के द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी विद्यालय लिंबोदी में उन्हें निशुल्क पढ़ाने वाले शिक्षक का विद्यालय में जाकर स्टेशनरी का सामान एवं उनके शिक्षकों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में हमारे बीच में कैबिनेट ट्रेजरर विनोद जोशी, रीजन चेयरपर्सन लायन कुंदन सोनी, ज़ोन चेयर पर्सन दिलीप माटा, महानगर क्लब से हमारे बीच में गगनप्रीत टुटेजा एवं लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी से लायन एसपी नामदेव, अध्यक्ष नीतू असाटी, सेक्रेटरी अमित गुप्ता, दिनेश रणधर, विजय भारद्वाज, अशोक गुप्ता, राजेश पाल उपस्थित रहे. यह पूरी गतिविधि के लिए आर्थिक सहयोग केपी. माहेश्वरी द्वारा प्राप्त हुआ.

## नैट्रैक्स सस्टेनेबल मोबिलिटी कांफ्रेंस का आयोजन



इंदौर. राष्ट्रीय ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (नैट्रैक्स), जो भारत की सबसे बड़ी वाहन परीक्षण एजेंसी है और भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन काम करती है, 5 और 6 सितम्बर को इंदौर में सस्टेनेबल मोबिलिटी कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रही है. यह अपने तरह का पहला सम्मेलन है, जिसमें देश-विदेश के विशेषज्ञ इकट्ठा होंगे. नैट्रैक्स के निदेशक डॉ. मनीष जायसवाल ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की बड़ी चुनौतियों पर गंभीर चर्चा करना है. उन्होंने बताया कि पिछले सौ वर्षों में तेज़ औद्योगिक विकास ने धरती और पर्यावरण पर भारी दबाव डाला है। भारत कार्बन उत्सर्जन, प्लास्टिक कचरे और इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट के मामले में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है. ऐसे में यह सम्मेलन एक ऐसा मंच बनेगा जहाँ समाधान पर काम किया जाएगा और स्थिरता तथा चक्रीय अर्थव्यवस्था के जरिए संकट को अवसर में बदला जा सकेगा. यह आयोजन प्रधानमंत्री के उस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है, जिसमें भारत को वैश्विक स्थिरता के प्रयासों में अग्रणी बनाना है। इस सम्मेलन में 9आर जैसे मॉडल पर जोर दिया जाएगा, ताकि ऑटोमोबाइल क्षेत्र को पर्यावरण अनुकूल और आत्मनिर्भर बनाया जा सके. इस कॉन्क्लेव का एकेडमिक पार्टनर इंदौर का एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च है. नैट्रैक्स और एक्रोपोलिस ने दीर्घकालीन विज़न के लिए सस्टेनेबिलिटी पर साथ काम करने का निर्णय लिया है.

## पत्रकार धर्मेन्द्र सिंह चौहान को भ्रात शोक



इंदौर. स्वर्गीय धन्नासिंह जी चौहान के सुपुत्र, प्रभुदयाल सिंह चौहान के छोटे भाई तथा धर्मेन्द्र सिंह चौहान (पत्रकार) के बड़े भाई एवं जय चौहान के पिताजी तथा निरंजन चौहान, करन चौहान के काकाजी व वेदांत चौहान के बड़े पापा और कमलेश ठाकुर के मामा दारासिंह चौहान (दयाराम) का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार 05-09-2025 को हो गया है. जिनकी अंतिम यात्रा 06-09-2025 शनिवार सुबह 9 बजे मालवा मिल मुक्तिधाम जाएंगी. शोकाकुल- प्रभुदयाल सिंह चौहान, धर्मेन्द्र सिंह चौहान (पत्रकार), निरंजन चौहान, करन चौहान, जय चौहान, वेदांत चौहान कमलेश ठाकुर (फोटोजर्नलिस्ट) एवं समस्त चौहान परिवार-1088/30 नंदानगर इंदौर.

## पंचायत सीईओ पर 20 लाख की रिश्वत मांगने का मामला दर्ज

इंदौर. पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त के निर्देश पर जनपद पंचायत पाटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलेश नाग के खिलाफ रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया गया है. ग्राम पंचायत कंद्रा के सचिव मोती खरते और ग्राम पंचायत लिंबी के सचिव कैलाश सोलंकी ने शिकायत में बताया कि सीईओ नीलेश नाग ने पंचायतों में कराए गए निर्माण कार्यों की जांच न करने की एवज में उनसे 10-10 लाख रुपए की मांग की थी. आरोप है कि उन्होंने यह बातचीत मोबाइल पर रिकॉर्ड कर ली और पेन ड्राइव सहित आवेदन लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक इंदौर राजेश सहाय को सौंपा. शिकायत पर उप पुलिस अधीक्षक सुनील तालान ने जांच की, जिसमें रिश्वत मांगने के आरोप सही पाए गए. इसके बाद शुक्रवार को लोकायुक्त पुलिस ने नीलेश नाग के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है.

# नवजात की मौतों पर स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दें : पटवारी

**मेडिकल कॉलेज डीन और अधीक्षक को हटाएं**

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किया एमवाय का दौरा**



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर और प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल एमवाय में चूहों के कुतरने से नवजातों की मौत को लेकर स्वास्थ मंत्री इस्तीफा दे. साथ ही एमवाय के डीन और अधीक्षक को तुरंत हटाया जाए.**

उक्त मांग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने की है. जीतू पटवारी आज शाम शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के साथ एमवाय अस्पताल का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने बच्चों के आईसीयू में जाकर स्थिति को देखा. अस्पताल के अन्य वार्ड में भी स्थिति को देखा. अस्पताल अधीक्षक से बच्चों को चूहे के द्वारा कुतर लिए जाने के घटनाक्रम पर जानकारी ली. दौरे के बाद पटवारी ने कहा यह घटना बहुत गंभीर और चिंताजनक है. घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए. घटना के बाद सरकार ने कार्रवाई के नाम पर दो नर्सिंग इंचार्ज को हटाया गया है. जरूरी यह है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार मेडिकल कॉलेज डीन और अस्पताल अधीक्षक को हटाया जाए.

### एक बच्चे का नहीं किया पोस्टमार्टम

पटवारी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जो कि इंदौर के प्रभारी मंत्री भी हैं वह कल गुरुवार को इंदौर में थे. यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लेते रहे लेकिन इस अस्पताल में आकर यहां की स्थिति को देखने की उन्हें फुर्सत नहीं मिली? जिन दो बच्चों की मौत हुई है, उसमें से एक बच्चे का पोस्टमार्टम भी नहीं किया गया. पटवारी ने अस्पताल अधीक्षक से जिस बच्चे का पोस्टमार्टम किया गया है, उसके पोस्टमार्टम की वीडियो रिकॉर्डिंग भी मांगी. दौरे के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे मौजूद थे.

# नवजात बच्चों की मौत के गुनहगारों को दण्ड मिले : रघु ठाकुर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल एमवाय में नवजात को चूहों के कुतरने और मौत होने पर गुनहगारों को दंड मिलना चाहिए. बच्चियों के मौत के दोषी चिकित्सकों और कर्मचारियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की जाना चाहिए. यह मांग समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कही. लोकतांत्रिक पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा कि समूचा देश प्रशासनिक चूहों से परेशान है जो देश के विकास और बजट को दशकों से कुतर कुतर के खा रहे हैं, लेकिन अब जानवर चूहे अस्पताल में नवजात शिशुओं को कुतर कर खा रहे हैं. इंदौर के एमवाय अस्पताल में दो सितंबर को दो नवजात की चूहे कुतरने से मौत हो गई. ठाकुर ने बताया कि यह प्रदेश की कोई पहली घटना नहीं है बल्कि इसके पहले भी ऐसी कई घटनाएं घट चुकी हैं. राज्य सरकार ने कुछ कर्मचारियों को निलंबित किया है, परंतु क्या यह निलंबन पर्याप्त है? और क्या कोई सजा है? शासन ने द्वारा हाई पावर जांच कमेटी भी बनाई है जिसके सभी सदस्य चिकित्सक हैं. क्या वास्तव में यह कमेटी निष्पक्ष जांच करेगी? यहसिर्फ दिखावा लगता है.

### कर्तव्य उपेक्षा द्वारा हत्या

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करती है कि जिनके कारण नवजात बच्चों की मौत हुई है. उन चिकित्सकों एवं कर्मचारी के ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज कर, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए. यह लापरवाही नहीं है, बल्कि कर्तव्य उपेक्षा के द्वारा की गई हत्या है. साथ ही अगर जांच करवाना है, तो इंदौर शहर के नागरिकों,वकील और पत्रकारों की संयुक्त समिति बनाकर जांच कराई जाए. एक सप्ताह में जांच की रिपोर्ट देने की बाध्यता हो.



## माता-पिता और शिक्षक-गुरू होते हैं राष्ट्र निर्माता, उनका सम्मान करें : सिलावट

**इंदौर. जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट के मुख्य आतिथ्य में आज शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सांवेर में शिक्षक दिवस मनाया गया.**

इस अवसर पर उन्होने शिक्षक-विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता और शिक्षक-गुरु राष्ट्र निर्माता होते है, उनका सम्मान करें और चुनौतियों का सामना कर आगे बढ़ें जीवन में गुरू के ज्ञान से ही देश और प्रदेश का विकास संभव होगा. विकसित भारत बनाने में शिक्षक और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. इस अवसर पर श्री सिलावट ने उपस्थित विद्यार्थियों और उनके माता-पिताओं और शिक्षकों को अपने हाथों से भोजन प्रदान कर उनके साथ स्नेह भोज किया. कार्यक्रम के प्रारंभ में गणेश पूजन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. इस अवसर पर भारतसिंह, दिलीप चौधरी, संदीप चंगेडिया, जीतुराज राठौर, सुभाष जैन, सतीश मालवीय, संजय घोडेला और प्राचार्य सरवैया सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

# लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने की जरूरत : सिंह

## कॉमरेड होमी दाजी जन्मशताब्दी वर्ष पर स्मृति राष्ट्रीय संवाद

**इंदौर. पूर्व सांसद एवं जननेता कॉमरेड होमी एफ. दाजी की जन्मशताब्दी वर्ष की शुरुआत के अवसर पर आज इंदौर के गांधी हॉल प्रांगण में 'भारत में समाजवाद- संभावनाएं एवं चुनौतियां' विषय पर एक स्मृति राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया गया.**



मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि भारत में समाजवाद का लक्ष्य आजादी आंदोलन और स्वतंत्रता के बाद हमारी नीतियों का आधार रहा है. नेहरू और इंदिरा के काल में जमींदारी उन्मूलन, भूमि सुधार, मिश्रित अर्थव्यवस्था, वोट का समान अधिकार, आरक्षण पब्लिक सेक्टर, मजदूर हितैषी कानून समाजवादी नीतियों के द्योतक थे. आज उन्हीं अधिकारों, कानूनों पर हमला हो रहा है. समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को बचाने के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने की जरूरत है. आज लोकतांत्र पर खतरा है. टेक्नोलॉजी और अन्य माध्यमों से लोकतंत्र पर चोट की जा रही है. आज इन मुद्दों पर जनांदोलन खड़ा करने की आवश्यकता है. आज होमी दाजी जैसे जननेता की राह पर चलने की जरूरत है. आमंत्रित अतिथियों का स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत स्टेट प्रेस क्लब मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, श्रम संगठनों की संयुक्त अभियान समिति के संयोजक एवं इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव, अभ्यास मंडल के शिवाजी मोहिते, रामस्वरूप मंत्री, कैलाश लिम्बोदिया, हरनाम सिंह, फादर पायस, मनोहर लिम्बोदिया, राहुल निहोरे, सारिका श्रीवास्तव, योगेन्द्र महावर, , प्रकाश पाठक ने किया. अध्यक्षीय भाषण श्यामसुंदर यादव ने दिया. आभार प्रदर्शन कॉमरेड रुद्रपाल यादव ने किया. संचालन विवेक मेहता ने किया. यह कार्यक्रम समाजवादी विचार प्रसार केंद्र न्यास, स्टेट प्रेस क्लब मध्यप्रदेश, अभ्यास मंडल इंदौर, श्रम संगठनों की संयुक्त अभियान समिति एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (इंदौर जिला इकाई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया.

### दाजी ने समाजवाद को जीया...

विषय प्रवर्तन करते हुए समाजवादी विचार प्रसार केंद्र न्यास के प्रबंध न्यासी अरविन्द पोरवाल ने कहा कि कॉमरेड दाजी ने समाजवाद को केवल सिद्धांत न मानकर उसे जिया और मजदूरों-किसानों व आम जनता के संघर्षों से जोड़ा. नई आर्थिक नीतियों (1991) ने समाजवाद को हाशिये पर धकेला, लेकिन आज की विषम परिस्थितियों में समाजवाद का पुनराविष्कार आवश्यक है.

### आज़ादी ने प्रजा को नागरिक बनाया

समाजवादी विचारक एवं प्रगतिशील लेखक संघ मध्यप्रदेश के राज्य सचिव मंडल सदस्य सत्यम सागर ने कहा कि समाजवाद हमारे आजादी के आंदोलन का लक्ष्य था. समाजवादी आंदोलन ने देश को बेहतरीन लेखक, कवि, कलाकार, फ़िल्मकार दिए जिनने आम जनता के मुद्दों को आवाज दी. आज़ादी ने प्रजा को नागरिक बनाया था. आज हम नागरिकों को 5 किलो राशन की लाइन में खड़ा कर फिर प्रजा बना रहे हैं.





# एमपी वूमन फेस्टिवल में होंगी कई स्पर्धाएं

## 51 महिला संगठनों को सुगंधा शक्ति अवार्ड से सम्मानित भी किया जाएगा

**इंदौर. नव उद्यमी महिलाओं एवं युवतियों के लिए दीपावली की पूर्व बेला में कोई 13 वर्षों बाद वृहद स्तर पर एमपी वूमन फेस्टिवल एवं दीपावली हाट बाजार का आयोजन आगामी 4-5 अक्टूबर को स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर आयोजित होगा.**

महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति की मेजबानी में हो रहे इस आयोजन में प्रख्यात अभिनेत्री अपरा मेहता मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित की गई हैं. फेस्टिवल के दौरान सुगंधा शक्ति अवार्ड से शहर के 51 महिला संगठनों को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित करने का प्रस्ताव है. इस अवसर पर अनेक रंगारंग स्पर्धाएं भी होंगी और महिलाओं तथा युवतियों के लिए अनेक वर्कशॉप भी आयोजित किए जाएंगे.

प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल की अध्यक्षता में शुक्रवार को साऊथ तुकोगंज स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई कार्यकारिणी की बैठक में फेस्टिवल की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए ब्रोशर एवं प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया गया. पिंक सूट एवं साड़ी के ड्रेस कोड में आई सखियों ने इस आयोजन को लेकर अपने सुझाव भी दिए। फेस्टिवल संयोजक सुविधा गोयल, रिम्पल अग्रवाल, संगीता पाटनी, अनुजा एवं मीना गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि दीपावली हाट बाजार को देखते हुए प्रतिदिन महालक्ष्मीजी की आरती, पूजा की थाली, सोलह श्रृंगार, भारतीय संस्कृति पर आधारित फैशन शो, लाइव म्युजिक सहित अनेक स्पर्धाएं भी होंगी और प्रख्यात रंगकर्मी अर्पिता गोयल द्वारा महिलाओं एवं युवतियों को रंगोली तथा मांडने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मेले का समय प्रतिदिन सुबह 11.30 से रात 10.30 बजे तक रहेगा.

## इंटरनेशनल थीम पर इंदौर से सीबी रॉकस्टार के पैन इंडिया लाइव इन कंसर्ट का होगा आगाज



**इंदौर.** अभय प्रशाल में 20 सितंबर को, देवी अहिल्या की नगरी के सिंगर चिंतन बाकीवाला का लाइव इन कंसर्ट सीबी रॉकस्टार आयोजित किया जाएगा. इंदौर में जन्मीं महान गायिका, भारत रत्न लताजी के दशकों पहले हुए यादगार शो के बाद संभवत: यह पहला मौका होगा, जब कोई विशुद्ध रूप से इंदौरी कलाकार, इंदौर में इंटरनेशनल लेवल के कैनवास पर लाइव इन कंसर्ट पेश करेगा.

इरियलटी शो के फॉर किशोर के विनर बनकर पूरे देश में इंदौर का नाम रोशन करने वाले जाने-माने बालीवुड कलाकार चिंतन बाकीवाला इस कंसर्ट में पहली बार अपने फेवरेट सिंगर किशोर दा के साथ-साथ मोहम्मद रफी, उदित नारायण, कुमार शानू, अभिजीत, सोनू निगम, केके और अरिजीत सिंह जैसे गायकों के गीतों की भी प्रस्तुति देंगे. कुल मिलाकर चिंतन 100 गीतों के जरिए करीब 80 साल के (1945 से 2025) बालीवुड गीतों का बेहद शानदार सफरनामा पेश करेंगे. इसके साथ ही वो अपने गाये बॉलीवुड और गैर-फिल्मी गीतों की भी सुंदर बानगी प्रस्तुत करेंगे. इन गीतों में साजिंदों के रूप में मुंबई और भोपाल के प्रसिद्ध कलाकार चिंतन के साथ परफार्म करेंगे. इंदौर के भी चुनिंदा श्रेष्ठ कलाकार उनका साथ निभाएंगे. इसकी भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इंदौर के साथ-साथ न केवल आसपास के शहरों के बल्कि मुंबई, पुणे, कोलकाता, जयपुर, दिल्ली जैसे महानगरों की भी आडियंस इस शो को देखने के लिए इंदौर आ रही है.

# भगवान को धन सम्पत्ति नहीं, मन के श्रेष्ठ भाव चाहिए

## भागवत कथा में बरसते पानी में हुआ रूक्मणी विवाह



**इंदौर.** हमारे धर्मग्रंथ सुषुप्त समाज को जागृत एवं चैतन्य बनाते हैं. मनुष्य का जीवन हमें केवल पशुओं की तरह व्यवहार करने के लिए नहीं, बल्कि सदभाव, परमार्थ और सेवा करूणा जैसे प्रकल्पों के लिए भी मिला है. भगवान अनुभूति का विषय है. हृदय में पवित्र संकल्प आयेंगें तो विचारों का प्रवाह भी निर्मल हो जाएगा. भगवान की लीलाओं के दर्शन एवं श्रवण से मन के विकार दूर होते हैं और शरीर की इन्द्रियों पर सात्विक प्रभाव होता है. आत्मा और परमात्मा का मिलन है कृष्ण-रूक्मणी विवाह। भगवान को धन सम्पत्ति नहीं, मन के श्रेष्ठ भाव चाहिए.

ये विचार हैं भागवताचार्य पं. लोकेशानंद शास्त्री के, जो उन्होंने सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में चंद्रभागा, जूनी इंदौर स्थित समाज के राधा-कृष्ण मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव में रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान व्यक्त किए. कथा में कृष्ण-रुक्मणी विवाह का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया. वर-वधू पक्ष ने बारात भी निकाली और नाच-गाकर एक-दूसरे का सम्मान भी किया. साफा बांधे महिलाओं ने बधाई गीतों पर नृत्य करते हुए अपनी खुशियां व्यक्त की, वहीं बरसते पानी में पुरुषों ने भी सज-धजकर इस ब्याह में भाग लिया. कथा शुभारंभ के पूर्व व्यासपीठ का पूजन मुरलीधर पाराशर, नरेन्द्र तिवारी, नारायण शर्मा, रोहित दातरे, तरुण बिरथरे, सन्तोष पाराशर, कमल शर्मा, लेखराज शर्मा अरुण मुदगल, निवेद शर्मा, प्रदीप जोशी, पाराशर, सुदामा दंडोतिया,राजेश उपाध्याय गब्बर,प्रभाशंकर शर्मा, पंकज महाराज, जगदीश तिवारी, संजय बिरथरे, मोनी जोशी, अभिषेक शर्मा आबू,सुधीर नायक, अंकित दुबे, राजेश शर्मा, प्रबोध उपमन्यु, सन्नी शर्मा, रामप्रसाद शर्मा,राकेश पंचोली आदि ने किया.

### आज सुदामा मिलन

अध्यक्ष पं. देवेन्द्र शर्मा एवं महासचिव संजय जारोलिया ने बताया कि पं. शास्त्री के श्रीमुख से कथा का यह दिव्य आयोजन राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में गत 31 अगस्त से चल रहा है, जो 6 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक चलेगा. कथा में शनिवार को कृष्ण-सुदामा मिलन प्रसंग व्याख्या के पश्चात यज्ञ-हवन के साथ पूर्णाहुति होगी. आचार्य पं. शास्त्री ने कहा कि रूक्मणी मगंल प्रसंग हमारी भारतीय संस्कृति और मर्यादा का गौरवशाली उजला पक्ष है. रूक्मणी विवाह आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है.

एक नजर में | शिक्षक सम्मान एवं जागरूकता समारोह संपन्न

# भावी समाज के शिल्पियों के रूप में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण



**इंदौर.** भावी समाज के शिल्पियों के रूप में शिक्षकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है. बदलते हुए सामाजिक परिवेश में यह दायित्व अत्यधिक चुनौतीपूर्ण भी हो गया है. अत: शिक्षकों के लिए सम्मान एवं सहयोग समाज का दायित्व है.

शिक्षक दिवस के अवसर पर समाज सेवा प्रकोष्ठ द्वारा महाराजा यशवंत राव विद्यालय उषा नगर में आयोजित शिक्षक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने संबोधित किया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन,देवी सरस्वती एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ. अतिथि स्वागत विद्यालय परिवार एवं समाज सेवा प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा किया गया. विद्यालय प्रबंधक अशोक भागवत ने स्वागत उद्बोधन दिया. समाज सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक खरे ने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक सशक्तीकरण की आवश्यकता एवं इस क्षेत्र में समाज सेवा प्रकोष्ठ के कार्यों की जानकारी दी.

छात्रा जानव्ही खाण्डेकर ने डॉ. राधाकृष्णन के कार्यों एवं शिक्षक दिवस पर संबोधित किया. श्री क्षत्रिय धनगर सेवा संघ के सचिव संजय कड़ ने भी संबोधित किया.

### उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए सम्मान

विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षकाओ निधि रघुवंशी, अंजलि कोकाटे, राज्यश्री बूटे, वैशाली होलकर, यामिनी बारगल, एवं विद्यालय के प्रबंधक अशोक भागवत सहित सभी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया. विद्यालय के निर्देशकों संजय कड, विजया माला लालगे, सुबोध तोगे, एवं तरुणा होल्कर को भी सम्मानित किया गया. समाज सेवा प्रकोष्ठ के सर्व अशोक कापड़नीस, ओपी कोसरवाल, पुष्पा महाडिक, वर्षा पाठक एवं लक्ष्मण पवार ने स्वागत एवं सम्मान प्रदान किया. संचालन समाज सेवा प्रकोष्ठ के श्याम पांडे ने किया. समाज सेवी तरुणा होल्कर ने आभार व्यक्त किया.